# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


# हनुमानगढ़ मे लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर “सरदार@150 एकता समारोह” आयोजित, एकता पदयात्रा से गूंजा शहर

राजेश चौधरी

Published on 01 Nov 2025



हनुमानगढ़। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में “सरदार@150 एकता समारोह” के तहत शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर भव्य एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा राजीव गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर तिलक सर्कल, सर्किट हाउस, जिला कलेक्ट्रेट और जिला परिषद कार्यालय के सामने से गुजरती हुई पुनः स्टेडियम परिसर में संपन्न हुई। पूरे आयोजन के दौरान “एक भारत, श्रेष्ठ भारत” के नारे गूंजते रहे और प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।

राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित समारोह का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के समय देश में सैकड़ों रियासतें थीं, जिन्हें एक सूत्र में पिरोने का कार्य लौह पुरुष सरदार पटेल ने किया। आज भारत का जो स्वरूप हमारे सामने है, वह सरदार पटेल की दूरदृष्टि, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रनिष्ठा का परिणाम है। डॉ. यादव ने कहा कि हमें आतंकवाद, नशे और समाज में फैली बुराइयों से मिलकर लड़ना चाहिए ताकि देश की एकता और अखंडता बनी रहे।

जिला कलेक्टर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ समाज को सही दिशा देने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, सेवा और राष्ट्र समर्पण का आदर्श उदाहरण है, जो हर भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रमोद डेलू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का सपना एक सशक्त, एकजुट और आत्मनिर्भर भारत का था, जिसे साकार करने में आज का युवा वर्ग अहम भूमिका निभा सकता है।

समारोह के दौरान विभिन्न अधिकारियों ने शपथ दिलाकर समाज में सकारात्मक संदेश दिया। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने

एकता की, साइबर सीओ श्रीमती कमला पूनिया ने आत्मनिर्भरता और स्वदेशी अपनाने की, जबकि जिला परिषद सीईओ श्री ओ.पी. बिश्नोई ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह ने दृढ़ निश्चय के साथ इन संकल्पों को अपनाने का प्रण लिया।

कार्यक्रम में एडीएम श्री उम्मेदीलाल मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रमोद डेलू, जनप्रतिनिधि श्री अमित चौधरी, एसएसपी श्री जनेश तंवर, जिला परिषद सीईओ श्री ओ.पी. बिश्नोई, एसएसपी श्रीमती राजकंवर, नगर परिषद आयुक्त श्री सुरेंद्र यादव, सीडीईओ श्री पन्नालाल कड़ेला, एसीईओ श्री सुनील छाबड़ा, डीओआईटी संयुक्त निदेशक श्री योगेन्द्र कुमार, जिला खेल अधिकारी श्री शमशेर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

पदयात्रा में स्काउट-गाइड, माय भारत वॉलिंटियर्स, एनएसएस, विद्यार्थी, पुलिसकर्मी और आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शहर में चारों ओर देशभक्ति और एकता का माहौल नजर आया। कार्यक्रम के अंत में सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

हनुमानगढ़ में आयोजित यह "सरदार@150 एकता समारोह" न केवल सरदार वल्लभभाई पटेल के महान योगदान को नमन करता है, बल्कि देश के हर नागरिक को यह याद दिलाता है कि एकजुट भारत ही सशक्त भारत है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.